भिक्षुणिकाप्रव्रजितादासीधात्रीकुमारिकारजिका॥मालाकारी दुष्टांगनासखीनापिनीदूत्यः॥९॥कुलजनविनाशहेतुर्दूत्यो यः स्यादतःप्रयत्नेन॥ताभ्यःस्त्रियोभिरक्ष्यावंशयशोमानवृद्ध्यर्थं॥ १०॥रात्रीविहारजागररोगव्यपदेशपरगृहेक्षणिकाः॥व्यसनोत्स वाश्चसंकेतनहेतवस्तेषुरक्ष्याश्च॥११॥आदौनेच्छतिनोज्झतिस्म रकथांव्रीडाविमिश्रालसामध्येह्रीपरिवर्जिताभ्युपरमेलज्जाविन म्राननाभावैर्नैकविधैःकरोत्यभिनयंभूयश्चयासाद्रागुक्त्वापुंप्र कृतिंचयानुचरतिग्लानेतरैश्चेष्टितैः॥१२॥स्त्रीणांगुणायौवनरूप वेषदाक्षिण्यविज्ञानविलासपूर्वाः॥स्त्रीरत्नसंज्ञाचगुणान्विताःस्त्र स्त्रीव्याधयोन्याश्चतुरस्यपुंसः॥१३॥नग्राम्यवर्णैर्मलदिग्धकायानिग्रा गसंबंधिकथांचकुर्यात्॥नचान्यकार्यस्मरणंरहस्यामनोहिमूलंहरदग्ध मूर्तेः॥१४

भीखमांगनेवाली·तपस्वी(विरक्तकेसमान भटकनेवाली)दासी·उपमाता(दाई) कुमारिका·धोबीन·मालिन·दुष्टस्त्री·सखी·हज्जामकी स्त्री·यहपरपुरुषवश्यक रकेदेनेकेविषयमेदूतीहोतीहै॥९॥यहदूतीकुलस्त्रीकेनाशविषयमेकारणहो तीहै·इसवास्तेप्रयत्नसेवहदूतीसे·उत्तमवंशकीर्ति·सम्मानइसकेवृद्ध्यर्थ·कुली नस्त्रीकारक्षणकरना॥१०॥रात्रीमेफिरना·जागरण·रोगनिमित्त·परगृहमेरहना ज्योतिषीकेपास प्रश्नपूछना·किंचित्रोगहोनेसेकोईकारणलेकेदुःखकरना· विवाहादिउत्साह·यहसंकेतनकेकारणहोतेहै इसकेविषेभीस्त्रियोंकारक्षणकर ना॥११॥प्रथमशय्यापरजायतोमैथुनकीइच्छाकरतीनही· स्मर(काम) कथाकथनकरनेसेश्रवणकरतीहै·मैथुनारंभमेलज्जामिश्रित आलस्ययुक्त मध्यमेलज्जारहित औरमैथुनांतमेलज्जासेनम्रमुखहोताहै·पुनःलीलाविला सादि अनेकविधभावसेआदरयुक्तचेष्टाकरतीहै·पुरुषकीग्लानीकिंवाप्रस न्नताइ॰नानके चेष्टासेहीअनुचरणकरतीहै·कहियेपुरुषकीग्लानीहोयतो अपनीभीग्लानीऔरपुरुषप्रसन्नताहोयतोअपनीभीप्रसन्नतादेखावतीहै· ॥१२॥तारुण्य·सुंदरस्वरूप·अलंकारादिधारण·अनुकूलदया·कामशास्त्रोक्तकला औरपुरुषइनकेचित्तग्रहण·मधुरवचन औरकटाक्षनिरीक्षणादिविलासप्रथमक रना·इ॰स्त्रियोंकेगुणहोतेहै·यहगुणसेयुक्त जोस्त्री उन्हीकोस्त्रीरत्नऐसानामहै· इतरअन्यस्त्री·चतुरपुरुषको·स्त्रीव्याधि(चित्तकोखेदकारक)होतीहै·॥१३॥ग्रा म्यवर्णसे(हलकीभाषासे)पुनःमलिन·कुत्सितशरीरऐसेस्त्रियोंकेवरसवरमैथुन संबंधीकथाबोलनानही·मैथुनाश्रितस्त्रीनेगृहाश्रितकर्मकास्मरणभीकरनानही·कार णमदनकामूलमनहै·१४

श्वासं मन्दुःखेन समुत्सृजन्ती बाहूपधानस्तनदाननदक्षा ॥ सुगंधकेशा सुसमीपरागा सुप्तेऽनुसुप्ता प्रथमं विबुद्धा ॥ १५ ॥ दुष्टस्वभावाः परिवर्जनीया विमर्दकाले षु च न क्षमा याः ॥ यासामसृग्वासितनीलपीतमाताम्रवर्णं च न ताः प्रशस्ताः ॥ १६ ॥ या स्वप्नशीला बहुरक्तपित्ता प्रवाहिनी वातकफातिरिक्ता ॥ महाशना स्वेदयुतांगदुष्टा या ह्रस्वकेशी पलितान्विता च ॥ १७ ॥ मांसानि यस्याश्च चलंति नार्या महोदरा विक्लिबमिनी च या स्यात् ॥ स्त्रीलक्षणे याः कथिताश्च पापास्ताभिर्न कुर्यात्सह कामधर्मं ॥ १८ ॥ शशशोणितसंकाशं लाक्षारससंनिकाशमथवा यत् ॥ प्रक्षालितं विरज्यति यच्चासृक्तद्भवेच्छुद्धं ॥ १९ ॥ यच्छुद्धं वेदनावर्जितं त्र्यहात्सन्निवर्तते रक्तं ॥ तत्पुरुषसंप्रयोगाद्विचारं गर्भतां याति ॥ २० ॥ न दिनत्रयं निषेवेत्स्नानं माल्यानुलेपनं च स्त्री ॥ स्नायाच्चतुर्थदिवसे शास्त्रोक्तेनोपदेशेन ॥ २१ ॥ पुष्यस्नानौषधयो याः कथितास्ताभिरंबु मिश्राभिः ॥ स्नायात्तथाश्च मंत्रः स एव यस्तत्र निर्दिष्टः ॥ २२ ॥

---

श्वासोश्वास छोडने मे पती को जितना काल लगता है उतनेही काल मे श्वासोश्वास छोडना· भुजाकी तकिया और स्तन इनके दान विषे चतुर ना· सुगंधयुक्त केश रहना सुरतारंभमेही प्रेम बढावना· पति सूतने पर सूतना और पती के पहिले उठना· यह स्त्रियों के गुण होते है· ॥ १५ ॥ सुरतकाल मे समर्थ नहीं वह दुष्टस्वभाव स्त्री कर्त्यकरना· अथवा जिनका रक्त (रज) काला· नील· पीत· थोडा लाल· ऐसी भी प्रशस्त नही· ॥ १६ ॥ अतिनिद्रायुक्त स्त्री· बहुत रक्त और पित्त इससे युक्त· जिस्की योनि बहती है· वात और कफ यह बहुत जिस्का वह· बहुत खानेवाली· घर्मयुक्त· सदोष अवयवकी छोटे केशकी· सफेद केश भए जिस्के· ॥ १७ ॥ जिस्के शरीर के मांस शिथिल भए वह बडे पेटकी· अस्पष्ट शब्द जिस्का वह और स्त्रीलक्षण मे जो अशुभ कथन किया वह यह सर्व स्त्री के बराबर मैथुन करना नही ॥ १८ ॥ जो रक्त (अशुद्ध — — ) शशाके रक्त समान अथवा लाह के रस समान और वस्त्र पर गिरा सो धोने पर जाता है· वह रक्त शुद्ध होता है· ॥ १९ ॥ जो रक्त शब्द और वेदना इससे रहित और तीन दिन से नाश होता है· वह पुरुषयोग से निःसंशय गर्भत्व को प्राप्त होता है (गर्भ होता है) ॥ २० ॥ तीन दिन तक स्त्री ने स्नान· पुष्प· अनुलेपन यह सेवन करना नही· चतुर्थ दिन मे शास्त्रोक्त विधान से स्नान करना· ॥ २१ ॥ पुष्यस्नान (अ० ४८) इसमे कथन किया औषधीसे मिश्रित जल भरके वह जलसे रजस्वला ने स्नान करना और तहां कथित मंत्र भी कहना· ॥ २२ ॥

युग्मासु किल वर्युग्यानिशासु नार्यो भवंति विषमासु॥ दीर्घायुषः सुरू पाः सुखिनश्च विरुद्धयुग्मासु॥२३॥ दक्षिणपार्श्वे पुरुषो वामे नारी च यावुभयसंस्थौ॥ यदुदरमध्योपगतं नपुंसकं तन्निबोद्धव्यं॥२४॥ केन्द्रत्रिकोणेषु शुभस्थितेषु लग्ने शशांके च शुभैः समेते॥ पापैस्त्रिला भारिगतैश्च यायात्पुंजन्मयोगे सुचसंप्रयोगं॥२५॥ नखदशन विक्षितानि कुर्यादृतुसमये पुरुषः स्त्रियाः कथंचित्॥ ऋतुरपि दश षट् च वासराणि प्रथमनिशात्रितयं न तत्र गम्यं॥२६॥ ॥ इति पुंस्त्री समायोगः॥ ॥ अथ शय्यासनलक्षणम्॥ ॥ सर्वस्य सर्वकालं य स्मादुपयोगमेति शास्त्रमिदं॥ राज्ञां विशेषतोतः शयनासनलक्ष णं वक्ष्ये॥१॥ असनस्यंदनचंदनहरिद्रसुरदारुतिंदुकीशालाः॥ काश्मर्यंजनपद्मकशाकावाशिंशपाश्च शुभाः॥२॥ अशनिजलानिलहस्तिप्रपातिता मधुविहंगकृतनिलयाः॥ चैत्यश्मशानपथिजोर्ध्वशुष्कवल्ली निबद्धाश्च॥३॥

रजोदर्शनसे ४ पतबसे सम रात्रीके विषे पुत्र होते हैं और विषम रात्रीके विषे कन्या होती है। उसमें भी दूरस्थ सम ६।८।१२।१४।१६ यह रात्रीके विषे होनेवाले गर्भ दीर्घायुषी सुरूप सुखी ऐसे होते हैं अर्थात् चतुर्थ रात्रीके विषे विपरीत होता है ॥२३॥ स्त्रीके दक्षिण कुक्षीमें जो गर्भ रहता है वह पुरुष और वाम कुक्षीमें जो सो कन्या ऐसा जानना दो होय तो वह दूनो कुक्षीमें रहता है जो पेटके (गर्भाशयके मध्यभागमें रहता है वह नपुंसक जानना ॥२४॥ केंद्र १।४।७।१० कोण ९।५ यह स्थानमें शुभ ग्रह (बुध शुक्र गुरु) होंय लग्न और चंद्र यह शुभ ग्रहसे युक्त होंय ३।११।६ यह स्थानमें पापग्रह होंय और पुंजन्म योग रहते स्त्रीसे संभोग करना ॥२५॥ ऋतुकालमें कहिये गर्भसंभव कालमें पुरुषने स्त्रीको कभी ही नख और दंतक्षत न करना नहीं ऋतुकाल रजस्वला होने पर सोल दिन रहता है उसमें पहिली तीन रात्री गमन करना नहीं ॥२६॥ ॥ इति बृहत्संहितायां मंतःपुरचिंतायां पुंस्त्रीसमायोगो नामाष्टासप्ततितमोध्यायः॥७८॥ ॥ अथ शय्यासनलक्षणं॥ ॥ शयनासनलक्षण शास्त्रका सर्व लोकको सर्व काल उपयोग होता है और राजाकोतो विशेष करके होता है इसवास्ते पलंग आदिकके लक्षण कहते हैं ॥१॥ असन वृक्ष स्यंदनवृक्ष चंदनवृक्ष दारुहरदीका वृक्ष देवदारु तेंदुकावृक्ष सागवान शिवनीका वृक्ष अंजन नामक वृक्ष पद्मकाष्ठ वृक्ष शिरीष वृक्ष सीसोंका वृक्ष यह वृक्ष पलंग शय्यादिक और पीढा आदि आसनके बनानेको शुभ होते हैं ॥२॥ बिजुली जल वायु हाथी इन्होंसे गिराये हुये और मधुमक्षी और पक्षीने रहनेके वास्ते गृह किया गांवमें का वृक्ष स्मशान और मार्गके वृक्ष ऊपर शुष्क वेलसे बद्ध ॥३॥

कंटकिनो वा ये स्युर्महानदीसंगमोद्भवा ये च ॥ सुरभवन जाश्च न शुभाः पेचापरयाम्यदिक्पतिताः ॥ ४ ॥ प्रतिषिद्धवृक्षनिर्मितशयना सनसेवनात्कुलविनाशः ॥ व्याधिभयव्ययकलहा भवंत्यनर्थाश्च नैकविधाः ॥ ५ ॥ पूर्वं छिन्नं यदि वा दारु भवेत्तत्परीक्ष्यमारंभे ॥ यद्यारोहेत स्मिन्कुमारकः पुत्रपशुदं तत् ॥ ६ ॥ सितकुसुममत्तवारणदध्यक्षतपूर्णकुंभरत्नानि ॥ मंगल्यान्यन्यानि च दृष्ट्वारंभे शुभं ज्ञेयं ॥ ७ ॥ कर्मांगुलं यवाष्टकमुदरासक्तं तुषैः परित्यक्तं ॥ अंगुलशतं नृपाणां महती शय्या जयाय कृता ॥ ८ ॥ नवतिः सैव षड्ूना द्वादशहीना त्रिषट्कहीना च ॥ नृपपुत्रमंत्रिबलपतिपुरोधसां स्युर्यथासंख्यं ॥ ९ ॥ अर्धमतोंऽशोनं विष्कंभो विश्वकर्मणा प्रोक्तः ॥ आयामत्र्यंशसमः पादोच्छ्रायः सकुक्षिशिराः ॥ १० ॥ यः सर्वः श्रीपर्ण्या पर्यंको निर्मितः स धनदाता ॥ असनकृतो रोगहरस्तिंदुकसारेण वित्तकरः ॥ ११ ॥ ७ ॥ ७ ॥ ॥

---

कांटे का · बडे नदी के संगम के पास उत्पन्न · देवालय के पास का · पश्चिम और दक्षिण दिशा में गिरा · ऐसे वृक्ष शय्या और आसन को शुभ नहीं ॥ ४ ॥ निषिद्ध वृक्ष से निर्मित जो शय्या किंवा आसन उसके सेवन से कुलक्षय होता है · व्याधि भय · द्रव्यहानि · कलह · और नाना प्रकार के अनर्थ यह होते हैं ॥ ५ ॥ पूर्व में तोडा भया काष्ठ होय तो उसकी आरंभ में परीक्षा करना · वह पूर्वछिन्न काष्ठ पर अकस्मात् बालक आयके चढे तो वह काष्ठ से किया जो शयनासन सो पुत्र और पशु इसको देनेवाला होता है ॥ ६ ॥ श्वेत पुष्प · मत्त गज · दधि · अक्षत · पूर्णकुंभ · रत्न · अन्य मांगल्य (शंख शब्द · वेदध्वनि · गौ · चक्रवाक · कोइलइ · ध्वनि) यह शय्यासन आरंभ में दृष्टिगोचर होंय तो शुभ होते हैं ॥ ७ ॥ तुष (भूसी) रहित · मध्य भाग में मिले ऐसे यवाष्टक (आठ यव) कहिये एक कर्मांगुल संज्ञक होता है · वह अंगुल प्रमाण से १०० अंगुल राजा की बडी शय्या करना वह जयकारक होती है ॥ ८ ॥ वह शय्या ९० अंगुल लंबी राजपुत्र की · ८४ अंगुल प्रधान की · ७८ अंगुल सेनापती की · ७२ अंगुल पुरोहित की करना ॥ ९ ॥ पूर्वोक्त अंगुल का अर्ध करके उसमें वह अर्ध का अष्टमांश कम करना उतना अंगुल विस्तार (चौडई) विश्वकर्मा ने कथन किया · लंबाई के तृतीयांश इतनी पाद की (खुर की) ऊंचाई · मस्तक के बाहर के वर्तुल सुद्धा करना ॥ १० ॥ संपूर्ण पलंग · श्रीपर्णी के (सिवनी) काष्ठ में करे तो वह धन देनेवाला होता है · असन के काष्ठ से करे तो वह रोगहरण करता है · तेंदु के काष्ठ का द्रव्यदाता होता है ॥ ११ ॥ जो पर्यंक केवल शीसो के काष्ठ से करे सो नाना प्रकार की वृद्धि करता है · चंदन काष्ठ का शत्रु नाश करता है और धर्म

यः केवलशिंशपया विनिर्मितो बहुविधं स वृद्धिकरः॥ चंदनमयो रिपुघ्नो धर्मयशोदीर्घजीवितकृत्॥१२॥ यः पद्मकपर्यंकः स दीर्घमायुः श्रियं श्रुतं वित्तं॥ कुरुते शालेन कृतः कल्याणं शाकरचितस्य॥१३॥ केवलचंदनरचितं कांचनगुप्तं विचित्ररत्नयुतं॥ अध्यासन्पर्यंकं विबुधैरपि पूज्यते नृपतिः॥१४॥ अन्येन समायुक्ता न तिंदुकी शिंशपा च शुभफलदा॥ न श्रीपर्णी न च देवदारुवृक्षो न चाप्यसनः॥१५॥ शुभदौ तु शाकशालौ परस्परं संयुतौ पृथक्चैव॥ तद्वत्पृथक्प्रशस्तौ सहितौ च हरिद्रककदंबौ॥१६॥ सर्वः स्यंदनरचितो न शुभः प्राणान्हिनस्ति चाम्रकृतः॥ असनोन्यदारुसहितः क्षिप्रं दोषान्करोति बहून्॥१७॥ अंबस्यंदनचंदनवृक्षाणां स्यंदनाच्छुभाः पादाः॥ फलतरूणां शयनासनमिष्टफलं भवति सर्वेण॥१८॥ गजदंतः सर्वेषां प्रोक्ततरूणां प्रशस्यते योगे॥ कार्योलंकारविधिर्गजदंतेन प्रशस्तेन॥१९॥ दंतस्य मूलपरिधिं द्विरायतं प्रोज्झ्य कल्पयेच्छेषं॥ अधिकमनूपचराणां न्यूनं गिरिचारिणां किंचित्॥२०॥ ॥ ॥ ॥ ॥

---

यश· दीर्घजीवित्वकरता है·॥१२॥ पद्मकाष्ठका पलंग दीर्घायुष्य· लक्ष्मी· विद्या· द्रव्य· यह देता है· शाल (सागवान) और शिरीष इनका पलंग कल्याण करता है॥१३॥ केवल चंदनसे करके· सुवर्णसे आच्छादित· नानाप्रकारके रत्नोंसे युक्त· ऐसे पलंगपर राजा बैठे रहते उसकी पूजा देवता भी करते हैं·॥१४॥ तेंदु और सीसो यह दो अन्य वृक्षसे जोडके बनाया पर्यंक शुभफल देते नही· तैसे ही श्रीपर्णी· देवदारु· असन· यह भी दुसरेसे जोडे तो शुभफल देता नही·॥१५॥ शिरीष और सागवान यह परस्पर जोडे होय वा अलग अलग पलंगको होय तो भी शुभफलद होते हैं· तैसे ही दारुहरदी और कदंब यह भी भिन्न भिन्न वा पलंगमे जोडे भए शुभफल देनेवाले होते हैं·॥१६॥ स्यंदनके (तिनिश) काष्ठसे किया जो सर्व पलंग वह प्राणनाशक इसवास्ते शुभ नही· तैसे ही आम्रकृत भी शुभ नही· आसनके काष्ठ अन्य काष्ठसे जोडके पलंग करे तो बहुत दोषकारक होता है·॥१७॥ आम्र· स्यंदन (तिनिश) चंदन यह वृक्षके स्यंदन सेपाद शुभ होते हैं· सर्व फलवृक्षसे किया शय्या किंवा आसन इनके शुभफल होते हैं॥१८॥ सर्व कथित वृक्षोंके योगसे गजदंत प्रशस्त होता है· इसवास्ते प्रशस्त हाथीदांतसे अलंकार विधि करना·॥१९॥ गजदंतकी मूलपरिधी के दूने लंबाई मूलसे त्यागकरके शेष गजदंत अलंकारादिकमे लेना· यह मानसे अधिक सजलदेशमेके हाथीके हैं· और इससे कुछ कमती पर्वतपर फिरनेवाले हाथीके जानना·२०

श्रीवत्सवर्धमानच्छत्रध्वजचामरानुरूपेषु ॥ छेदेदृष्टेष्वारोग्यवि
जयधनवृद्धिसौख्यानि ॥२१॥ प्रहरणसदृशेषु जयो नंद्यावर्तेप्रनष्ट
देशाप्तिः ॥ लोष्टेतुलब्धपूर्वस्यभवनिदेशस्यसंप्राप्तिः ॥२२॥ स्त्रीरू
पेस्वविनाशोभृंगारेभ्युत्थितेसुतोत्पत्तिः ॥ कुंभेननिधिप्राप्तिर्यात्रा
विघ्नंचदंडेन ॥२३॥ कृकलासकपिभुजंगेष्वसुभिक्षव्याधयोरिपु
वशत्वं ॥ गृध्रोलूकध्वांक्षश्येनाकारेषुजनमरकः ॥२४॥ पाशेथवा
कबंधेनृपमृत्युर्जनविपत्स्नुतेरक्ते ॥ कृष्णेश्यावेरूक्षेदुर्गंधेचाशु
भंभवति ॥२५॥ शुक्लःसमःसुगंधिःस्निग्धश्चशुभावहोभवेच्छेदः
॥ अशुभशुभच्छेदायेशयनेष्वपितेनथाफलदाः ॥२६॥ ईषायोगे
दारुप्रदक्षिणाग्रंप्रशस्तमाचार्यैः ॥ अपसव्येकदिगग्रेभवनिभ
यंभूतसंजनितं ॥२७॥ एकेनावाकुशिरसाभवतिहिपादेनपादवै
कल्यं ॥ द्वाभ्यांनजीर्यतेन्नंत्रिचतुर्भिःक्लेशवधबंधाः ॥२८॥ ७॥

---

श्रीवत्स·वर्धमान(मालटीनामक पात्रवि०) यह दो चिन्ह और छत्र·ध्वज·चामर·इन
केसमानगजदंतका छेद दृष्टीगोचर होयतो आरोग्य·विजय·धनवृद्धि·सौख्य·य
ह होताहै·॥२१॥ आयुधसमानहोयतोजयप्राप्ति·नंद्यावर्त(भौरा) इसकेसमान
होयतोनष्टदेशप्राप्ति· मृत्पिंडसदृशहोयतो पूर्वमेलब्धपरंतुहस्तगतनहीऐसे
देशकीप्राप्तिहोतीहै·॥२२॥ स्त्रीरूपछेददृष्टहोयतो अश्वनाश· भृंगार(झारी) स
दृशहोयतोपुत्रप्राप्ति· कुंभसदृशहोयतोनिधिप्राप्ति· दंडसदृशहोयतो यात्रामेंवि
घ्न·॥२३॥ गिरगिटानवानर सर्प·इसकेसमानहोयतो महर्गता·व्याधि·शत्रुवशता·यह
होताहै·गृध्र·उलूक·काक·श्येनपक्षी·इनकेसमानछेदनजरपडेतोजनमृत्युहो
ताहै·॥२४॥ पाश·कबंध·इसकेसमानहोयतोराजमृत्यु· छेदसेरक्तस्रावहोयतो
लोककोदुःखहोताहै· वहछेदकाला·मलीन·रूक्ष·दुर्गंधहोयतोअशुभहोता
है·॥२५॥ शुभ्र·सम·सुगंधि·निर्मल·ऐसागजदंतकाछेदशुभहोताहै·जो अ
शुभकिंवाशुभ·गजदंतकेछेदकथनकियासोवैसेही शय्याकेविषेफलदायक
ऐसेजानना·॥२६॥ पलंगकेचारकाष्ठउसमेदोबाजूकेजडनेकेसोईषा·वहका
ष्ठशिरःपादकाष्ठसेप्रदक्षिणाग्रजोडना वहशुभ ऐसाआचार्यनेकथनकिया·
(पूर्वकेतरफकेकाष्ठकेअग्रदक्षिणतरफकेकाष्ठकेमूलमेजडना· इसीप्रमाण
पश्चिम और उत्तरतरफजानना·) अपसव्यकिंवाशिर·पादकाष्ठएकदिगग्र
करेतोभूतोत्पन्नभयहोताहै·(शिरऔर पाद इनकेकाष्ठकेअग्रबाजूकेकाष्ठके
अग्रसेजोडेहोयतोपिशाचभयहोताहै·)॥२७॥ पलंगकाएकपांवनीचेअग्रकर

सुषिरेऽथ वापि वर्णो ग्रंथो पादस्य शीर्षगे व्याधिः॥ पादे कुंभो यस्य ग्रंथो
न स्थिरस्तु दररोगः॥२९॥ कुंभाधस्ताज्जंघा तत्र कृतो जंघयोः करोति
भयं॥ तस्याश्चाधारोऽधःस्थः क्षयद्रव्यस्य तत्र कृतः॥३०॥ खुरदेशे
यो ग्रंथिः खुरिणां पीडाकरः स निर्दिष्टः॥ ईषाशीर्षण्यांश्रविभा
गसंस्थो भवेन्न शुभः॥३१॥ निष्कुटमथ कोलाक्षं सूकरनयनं च
वत्सनाभं च॥ कालकमन्यद्धुंधुकमिति कथितश्छिद्रसंक्षेपः॥
॥३२॥ घटवत्सुषिरं मध्ये संकटमास्ये च निष्कुटं छिद्रं॥ निष्पाव
माषमात्रं नीलं छिद्रं च कोलाक्षं॥३३॥ सूकरनयनं विषमं विवर्णं
मध्यर्धपर्वदीर्घं च॥ वामावर्तं भिन्नं पर्वमितं वत्सनाभाख्यं॥३४
कालकसंज्ञं कृष्णं धुंधुकमिति यद्भवेद्धि निर्भिन्नं॥ दारुसवर्णं छिद्रं न
तथा पापं समुद्दिष्टम्॥३५॥ निष्कुटसंज्ञे द्रव्यक्षयस्तु कोलेक्षणे कुल
ध्वंसः॥ शस्त्रभयं सूकरके रोगभयं वत्सनाभाख्ये॥३६॥ कालकधुंधुक
संज्ञे कीटैर्विद्धं च न शुभदं छिद्रं॥ सर्वं ग्रंथिप्रचुरं सर्वत्र न शोभनं दारु॥३७

---

केरुगावेतो उस्के स्वामी के पाद विकल होने हैं॰ दो पांव तैसे करे तो स्वामी को अन्न पच
ता नहीं॰ तीन वा चार पांव तैसे करे तो क्लेश॰ वध॰ बंध॰ यह स्वामी को होते हैं॰॥२८॥ पलं
ग के पांव को शिरोगत छिद्र वा भिन्न वर्ण वा ग्रंथी (गाठ) होय तो स्वामी के मस्तक में
व्याधी होती है॰ प॰ पा॰ जो कुंभ भाग उस्के विषे ग्रंथी होय तो स्वा॰ उदर में रोग होता है॰
॥२९॥ कुंभ के नीचे जंघा उहां ग्रंथी होय तो स्वा॰ जंघा को भय करता है॰ वह जंघा के नी
चे जो आधार उहां ग्रंथी होय तो धनक्षय होता है॰॥३०॥ पादस्थान की ग्रंथी॰ अश्वादि
खुर वाले को पीडा करती है॰ ईषा (बाजू के काष्ठ) और शीर्षण्य (मस्तक पांव उस्के का
ष्ठ) यह राख के तीसरे भाग में ग्रंथी होय तो शुभ नहीं॥३१॥ निष्कुट॰ कोलाक्ष॰ सूकरनयन॰
वत्सनाभ॰ कालक॰ धुंधुक॰ यह नाम के छिद्र होते हैं इनका संक्षेप कथन किया॥३२
जो छिद्र घट के समान मध्य भाग में पांव के मुख के विषे छोटा वह निष्कुट संज्ञक हो
ता है॰ निष्पाव (सेम का बीया) और उडदी इन के बराबर नील वर्ण जो छिद्र वह कोला
क्ष संज्ञक होता है॰॥३३॥ समान नहीं॰ विगत वर्ण॰ अर्ध पर्व से दीर्घ॰ ऐसा छिद्र सूकर
नयन संज्ञक होता है॰ वामावर्त॰ पार गया ऐसा॰ पर्व प्रमाण जो छिद्र वह वत्सनाभ
संज्ञक होता है॥३४॥ जो कृष्ण वर्ण छिद्र वह कालक संज्ञक होता है॰ जो दूनों तरफ फूट
गया और कृष्ण वर्ण वह धुंधुक संज्ञक होता है॰ काष्ठ के समान वर्ण के छिद्र बहुत अशुभ
नहीं॥३५॥ निष्कुट सं॰ छिद्र होय तो द्रव्यनाश॰ कोलाक्ष सं॰ हो॰ कुलनाश॰ सूकरनयन
संज्ञक छिद्र होय तो शस्त्र भय॰ वत्सनाभ सं॰ छिद्र से॰ रोग भय॥३६॥ कालक और धुंधुक

एकद्रुमेण धन्यं वृक्षद्वयनिर्मितं च धन्यतरं॥ त्रिभिरात्मजवृद्धिकरं चतु
र्भिरर्थयशस्त्वाग्र्यं॥३८॥ पंचवनस्पतिरचिते पंचत्वं याति तत्र यः शेते
॥षट्सप्ताष्टतरूणां काष्ठैर्घटिते कुलविनाशः॥३९॥ ॥इति शय्यास
नलक्षणं॥ ॥अथ रत्नपरीक्षा॥ ॥रत्नेन शुभेन शुभं भवति नृपाणाम
निष्टमशुभेन॥ यस्मादतः परीक्ष्यं दैवं रत्नाश्रितं तज्ज्ञैः॥१॥ द्विपहयव
नितादीनां स्वगुणविशेषेण रत्नशब्दोऽस्ति॥ इह तूपलरत्नानामधिका
रो वज्रपूर्वाणां॥२॥ रत्नानि बलाद्दैत्याद्दधीचितोऽन्ये वदंति जातानि॥
केचिद्भुवः स्वभावाद्वैचित्र्यं प्राहुरुपलानां॥३॥ वज्रेंद्रनीलमरकतक
र्केतनपद्मरागरुधिराख्याः॥ वैडूर्यपुलकविमलकराजमणिस्फटिक
शशिकांताः॥४॥ सौगंधिकगोमेदकशंखमहानीलपुष्परागाख्याः॥ ब्र
ह्ममणिज्योतीरससस्यकमुक्ताप्रवालानि॥५॥ वेणातटे विशुद्धं शिरीष
कुसुमोपमं च कौशलकं॥ सौराष्ट्रकमाताम्रं कृष्णं सौर्पारकं वज्रं॥६॥ ॥

---

सं॰ छिद्र और कीटक विद्ध छिद्र शुभ नहीं सर्व काष्ठमे बहुत ग्रंथि होय तो सर्व काममे
शुभ नहीं॥३७॥ एक वृक्षके काष्ठका किया पलंग शुभ दोवृक्षके काष्ठका अत्यंत शुभ
तीन वृक्षके का॰ पुत्रवृद्धिकर चार वृक्षके का॰ द्रव्य उत्तम यश इस्को करने वाला हो
ताहै॥३८॥ पांच वृक्षके का॰ पर सूतने वाले को मृत्यु ६।७।८ वृक्षके का॰ पलंग कुल
नाशक होताहै॥३९॥ ॥इति बृहत्संहितायां शय्यासनलक्षणं नामैकोनाशीतित
मोध्यायः॥७९॥ ॥अथ रत्नपरीक्षा॥ शुभलक्षणयुक्त रत्नसे राजाका शुभ होताहै
और अशुभलक्षणयुक्त रत्नसे अशुभ होताहै इसवास्ते हीरकादि रत्नाश्रित देव
ताकी परीक्षा रत्नपरीक्षकने करना॥१॥ गज अश्व स्त्री और जाती जातीमे जो उत्तम
उस्को उस्के उस्के गुणाधिक्यसे रत्न कहतेहैं यह रत्नपरीक्षामे हीरक आदि पाषा
ण रत्नका अधिकार है॥२॥ बलनामक दैत्यसे (उस्को इंद्रने मारा तब उस्के हाड
से) रत्न भए ऐसा कोइक कहतेहैं दधीचि ऋषीके हाड इसे रत्न भए ऐसा अन्य कहतेहैं
कोई भूमीके स्वभावसे पाषाणको नानाप्रकारके रंग होयके वह रत्न भए ऐसा कह
तेहैं॥३॥ वज्र इंद्रनील मरकत कर्केतन पद्मराग रुधिराख्य वैडूर्य पुलक विमल
क राजमणि स्फटिक चंद्रकांत॥४॥ सौगंधिक गोमेदक शंख महानील पुष्परा
ग ब्रह्ममणि ज्योतीरस सस्यक मुक्ताफल प्रवाल यह रत्नोंके भेदहैं इनमे उत्तम
वज्र मुक्ता पद्मराग मरकत यह चार रत्न है इसवास्ते इन्हीके लक्षण और वर्णन कर
तेहैं॥५॥ वेणा नदीके तीरमे उत्पन्न सो वज्र (हीरा) संज्ञक रत्न दोषरहित होतेहैं सिरसी
केपुष्पसमान (श्वेतपीत) वह कोशलदेशोत्पन्न पोड़ताम्रवर्ण जो वज्र॰ वह सौराष्ट्र

ईषत्ताम्रं हिमवति मतंगजं वल्लपुष्पसंकाशं॥ आपीतंच कलिंगे श्यामं पौंड्रेषु संभूतं॥७॥ ऐंद्रं षडस्रि शुक्लं याम्यं सर्पास्यरूपमसितंच॥ कदलीकांडनिकाशं वैष्णवमिति सर्वसंस्थानं॥८॥ वारुणमबलागुह्योपमं भवेत्कर्णिकारपुष्पनिभं॥ शृंगाटकसंस्थानं व्याघ्राक्षिनिभंच हौतभुजं॥९॥ वायव्यंच यवोपम मशोककुसुमप्रभं समुद्दिष्टं॥ स्रोतः खनिः प्रकीर्णकमित्याकरसंभवस्त्रिविधः॥१०॥ रक्तं पीतंच शुभं राजन्यानां सितं द्विजातीनां॥ शैरीषं वैश्यानां शूद्राणां शस्यते सिनिभं॥ ॥११॥ सितसर्षपाष्टकं तंडुलो भवेत्तंडुलैस्तु विंशत्या॥ तुलितस्य द्वेलक्षे मूल्यं द्विद्व्यूनिते चैतत्॥१२॥ पादत्र्यंशार्धौ नं त्रिभाग पंचांश षोडशांशाश्च॥ भागश्च पंचविंशः शतिकः साहस्रिकश्चेति॥१३॥ ॥

---

देशोत्पन्न· कृष्णवर्णजो वज्ररत्न वह सूर्पारकदेशोत्पन्न·॥६॥ ईषत्ताम्रवर्णजो वज्र० वह हिमाचलके विषे उत्पन्न वल्ल (भुट्टा चाल) पुष्पके समान जो वज्र० वह मतंगजदेशोत्पन्न· थोडा पीतवर्णजो वज्र० वह कलिंगदेशोत्पन्न· श्यामवर्णजो वज्ररत्न वह पौंड्रदेशोत्पन्न· ऐसे सात हीरेके उत्पत्तिस्थान है·॥७॥ जो वज्र० षडस्रि (षट्कोण) और श्वेतवर्ण वह इंद्रदैवत्य· जो कृष्णवर्ण और सर्पके मुखसमान वह यमदैवत्य·· जो कदलीशाखावर्ण (नीलपीत) और सर्वाकार (ऊपर कथित २ आकारसे भिन्न अन्यआकारके) वह विष्णुदैवत्य·॥८॥ जो स्त्रीके गुह्यके आकारके और कर्णिकार (वडहर) के पुष्पसमान (ईषत्पीतवर्ण) वह वरुणदैवत्य· जो शृंगाटकसंस्थान (त्रिकोण) और व्याघ्रके नेत्रसमान वह अग्निदैवत्य·॥९॥ जो जवके समान (बीचमें मोटा) और अशोकपुष्पसमान (लोहितवर्ण) वह वायुदैवत्य ऐसी वज्रकी देवता कथन किया है· जलके प्रवाहमे· खानमे और कहीं एक ठिकाने भूमीमे· ऐसे ३ ठिकाने हीरा मिलते है॥१०॥ रक्त और पीतवर्ण हीरा राजाको शुभ होता है· श्वेतवर्ण ब्राह्मणको शुभ· सर्सोंके पुष्पसमान वर्णका वैश्यको शुभ· कृष्णवर्ण शूद्रको शुभ होता है· ॥११॥ आठ श्वेत सर्सोंका १ चावल· २० चावल भर जो हिरा इस्की कीमत दोलक्ष कार्षापण (चवन्नी) होती है· बीस चावलमे दोदो चावल कमती करनेसे जो सो आगेके श्लोकमे कहने प्रमाण कीमत होती है·॥१२॥ १८ चावल वजन हीरेकी कीमत चतुर्थांश कमती दोलक्ष कहिये डेढलक्ष १६ चावल० तृतीयांश कमती दोलक्ष० (१३३३३३⅓) १४ चावल० दोलक्षके अर्ध (१०००००) १२ चावल० दोलक्षका तिसरा हिस्सा (६६६६६⅔) १० चावल० दोलक्षका पंचमांश (४००००) ८ चावल० दो० षोडशांश (१२५००) ६ चावल० दो० पंचविंशांश· (८०००) ४ चावल० दो० शतांश (२०००) २ चा

सर्वद्रव्याभेद्यंलघ्वंभसितरतिरश्मिवत्स्निग्धं॥तडिदनलशक्रचा
पोपमंचवज्रंहितायोक्तं॥१४॥काकपदमक्षिकाकेशधातुयुक्तानि
शर्करविद्धं॥द्विगुणास्रिदग्धकलुषत्रस्तविशीर्णानिनशुभानि॥१५
॥यानिचबुद्बुददलिताग्रचिपिटवासीफलप्रदीर्घाणि॥सर्वेषांचैते
षांमूल्याद्भागोऽष्टमोहानिः॥१६॥वज्रंनकिंचिदपिधारयितव्यमेके
पुत्रार्थिनीभिरबलाभिरुशंतितज्ज्ञाः॥शृंगाटकत्रिपुटधान्यकवत्स्थि
तंयच्छ्रोणीनिभंचशुभदंतनयार्थिनीनां॥१७॥स्वजनविभवजीवि
तक्षयंजनयतिवज्रमनिष्टलक्षणं॥अशनिविषभयारिनाशनंशुभ
मुरुभोगकरंचभूभृतां॥१८॥ ॥इतिवज्रपरीक्षा॥ अथमुक्ताफल
परीक्षा॥द्विपभुजगशुक्तिशंखाभ्रवेणुतिमिसूकरप्रसूतानि॥मुक्ता
फलानितेषांबहुसाधुचशुक्तिजंभवति॥१॥सिंहलकपारलौकिक
सौराष्ट्रकताम्रपर्णिपारशवाः॥कौबेरपाण्ड्यवाटकहैमाइत्याकराह्यष्टौ २

---

वलुभरवजनके हिरेकीकीमत दोलखका संहस्रांश (२००) कार्षापण (चवन्नी) होती
है॥१३॥सर्वप्रकारकेशस्त्रसे अभेद्य· छोटा· जलमेतरनेवाला· किरणयुक्त· स्नि
ग्ध· बिजुली· अग्नि· इंद्रधनुष्य इनके समान तेजस्वी हीरा हितकारक होताहै॥१४
॥काकपदसमानचिन्ह· मक्षिकासमानचिन्ह· केशकेसमानरेषा· मृत्तिकादि धातु
इनकरकेयुक्त· सूक्ष्मकणसे युक्त· वेधित· स्वपकोणके दूनेकोणसे युक्त· अग्निद
ग्ध· कलुष (मटीला) कांतिरहित· विशीर्ण (जीर्ण) ऐसे हीराशुभनहीं॥१५॥पानी
के बुल्लेसमान· विदारितप्रांतभाग· चिपटा· अडूसाके फलसमान लंबा· ऐसे हीरे
की कीमत पूर्वोक्त कीमतके अपेक्षा अष्टमांशकमतीजानना॥१६॥ पुत्रेच्छुस्त्री
ने हीरा कोई भी धारण करना नहीं ऐसा कोई आचार्य कहते हैं· परंतु शृंगाटक (त्रि
कोण) तीन पुटसे युक्त· धान्यक (धनिया) इसके समान· स्त्रीके योनी समान ऐसा हि
रा पुत्रेच्छुस्त्रीको कल्याणकारक होता है॥१७॥अनिष्टलक्षण युक्त हिरा· स्वकी
यजन ऐश्वर्य और आयुष्य इनका नाश करता है· शुभलक्षणयुक्त हीरा बिजुली
का भय· विषभय· शत्रुनाश यह करता है और शुभ· बहुत उपभोग यह राजाको
करता है॥१८॥ ॥इतिबृहत्संहितायां वज्रपरीक्षानामाशीतितमोऽध्यायः॥८०॥
अथमुक्ताफलपरीक्षा॥गज· सर्प· सीप· शंख· मेघ· बांस· मत्स्य सूकर· यह आ
ठसे मोती होते हैं· उसमें सीपमेके मोती बहुत उत्तम (व्यवहारयोग्य) होते हैं॥१॥
सिंहकल (सिलोन) पारलोक· सुराष्ट्र· (काठेवाड) यह देश· ताम्रपर्णी नदी· पारश
वदेश· कौबेर· पांड्यवाट· हैमपत्तदेश· यह आठ मोतीके उत्पत्तिस्थान हैं॥२॥

बहुसंस्थानाः स्निग्धा हंसाभाः सिंहलाकराः स्थूलाः॥ ईषत्ताम्राः श्वे
तास्तमोवियुक्ताश्च ताम्रपर्ण्याः॥३॥ कृष्णाः श्वेताः पीताः सशर्कराः पा
रलौकिका विषमाः॥ नस्थूला नात्यल्पा नवनीतनिभाश्च सौराष्ट्राः॥
४॥ ज्योतिष्मंतः शुभ्रा गुरवोतिमहागुणाश्च पारशवाः॥ लघुजर्जरं द
धिनिभं बृहद्द्विसंस्थानमपि हैमं॥५॥ विषमं कृष्णं श्वेतं लघु कौवेरं प्र
माणतेजोवत्॥ निंबफलत्रिपुटधान्यकचूर्णाः स्युः पांड्यवाटभवाः
॥६॥ अतसीकुसुमश्यामं वैष्णवमैंद्रं शशांकसंकाशं॥ हरितालनि
भं वारुणमसितं यमदैवतं भवति॥७॥ परिणतदाडिमगुलिकागुंजा
ताम्रं च वायुदैवत्यं॥ निर्धूमानलकमलप्रभं च विज्ञेयमाग्नेयं॥८॥ मा
षकचतुष्टयधृतस्यैकस्य शतानाहता त्रिपंचाशत्॥ कार्षापणा निगदि
ता मूल्यं तेजोगुणयुतस्य॥९॥ माषकदलहान्यातो द्वात्रिंशद्विंशति
स्त्रयोदश च॥ अष्टौ शतानि च शतत्रयं त्रिपंचाशता सहितं॥१०॥
पंचत्रिंशच्छतमिति चत्वारः कृष्णला नवति मूल्याः॥ सार्धास्तिस्रो गुं
जाः सप्तति मूल्यं धृतं रूपं॥११॥ गुंजात्रयस्य मूल्यं पंचाशद्रूपका गुण
युतस्य॥ रूपकपंचत्रिंशत्त्रयस्य गुंजार्धहीनस्य॥१२॥ ७॥ ७॥

---

बहुतस्थानमे उत्पन्न होनेवाले· निर्मल हंसतुल्य कांति· स्थूल ऐसे सिंहलद्वीपमे के मो
ती होते हैं· थोडे लाल· श्वेत· निर्मल· ऐसे मोती ताम्रपर्णी नदीमे उत्पन्न होते हैं॥३॥ कृ
ष्ण· श्वेत· पीत· वालुकायुक्त· समान नही· ऐसे पारलौकिक मोती होते हैं· बहुत स्थूल
नही और बहुत लघु नही· नवनीत (मक्खन) केवर्णके मोती सौराष्ट्र देशमे के होते हैं॥
४॥ तेजस्वी· श्वेतवर्ण· भारी· उत्तम गुणसे युक्त ऐसे मोती पारसव देशोत्पन्न होते हैं·
छोटे· रूक्ष· दही समान· बृहत्· द्विसंस्थान· (जुटे समान) ऐसे मोती हिमालयोत्पन्न
होते हैं॥५॥ समान नही· कृष्णवर्ण· श्वेत· छोटे· वडे तेजके ऐसे मोती कौवेर होते हैं·
निंबफल समान· तीनपुटके· धनिया समान· बहुत महीन ऐसे मोती पांड्यवाटोत्पन्न हो
ते हैं॥६॥ नीसीके पुष्पसमान काला मोती विष्णुदैवत्य है· चंद्रसमान श्वेतवर्ण इंद्रदैव
त्य· हरताल समान पीतवर्ण· वरुणदैवत्य· काला· यमदैवत्य होता है॥७॥ पक्के अना
रके दाने समान और घुंकुची समान ताम्रवर्ण· वायुदैवत्य· धूमरहित अग्नि और क
मलदलके समान जिसके तेज वह मोती अग्निदैवत्य जानना॥८॥ तेज और उत्तम गुण
इन करके युक्त ऐसा एक मोती· पांच गुंजाका एक मासा यह प्रमाणसे ४ मासे वजन
होयतो· उसकी कीमत ५३०० कार्षापण (चवन्नी) कथन किया॥९॥ चार मासे से अ· ५
अर्ध मासे कमती करनेसे आगेकी कीमत होती है· कहिये ३॥ मासेको ३२०० का·

पलदशभागो धरणं तद्यदि मुक्तास्त्रयोदश सुरूपाः॥ त्रिशती सपंचविंशा रूपकसंख्याकृतं मूल्यं॥१३॥ षोडशकस्य द्विशती विंशतिरूपस्य सप्ततिः सशता॥ यत्पंचविंशतिधृतं तस्य शतं त्रिंशता सहितं॥
॥१४॥ त्रिंशत्सप्ततिमूल्या चत्वारिंशच्छतार्धमूल्या च॥ षष्टिः पंचोनाया धरणं पंचाष्टकं मूल्यं॥१५॥ मुक्ताशीत्यास्त्रिंशच्छतस्य सा पंचरूपकविहीना॥ द्वित्रिचतुःपंचशता द्वादश षट् पंचकं त्रितयं १६
॥ पिक्कापिच्चार्घार्धा रवकः सिक्थं त्रयोदशाद्यानां॥ संज्ञाः परतो निगराश्चूर्णाश्चाशीतिपूर्वाणां॥१७॥ एतद्गुणयुक्तानां धरणधृतानां प्रकीर्तितं मूल्यं॥ परिकल्प्यमंतराले हीनगुणानां क्षयः कार्यः
॥१८॥ कृष्णश्वेतकपीतकताम्राणामीषदपि च विषमाणां॥ त्र्यंशोनं विषमकपीतयोश्च षड्भागदलहीनं॥१९॥ ऐरावतकुलजानां पुष्यश्रवणेंदुसूर्यदिवसेषु॥ ये चोत्तरायणभवा ग्रहणेर्केंद्वोश्च भद्रेभाः॥
॥२०॥

३मा० २००० का० २॥मा० १३००, २मा०८००; १॥मा० ३५३; १मा० १३५; ४गुंजाको ९०; ३॥गुंजा० ७०, ३गुं० ५०; २॥गुं जाको ३५; कीमत होती है॥१०॥११॥१२
॥पलका दसवा हिस्सा धरणसंज्ञक होता है उतना (३२गुंजा) वजन सुरूप १३ मोती होंय तो उनकी कीमत ३२५ रुपया किया है॥१३॥ सोल मोती सुरूप धरण तुल्य होंय तो २०० रु० कीमत २० मो० १७० रु० २५ मो० १३०;॥१४॥ ३० मो० ७० रु० ४० मो० ५०; ६० वा ५५ मो० उसकी की० ४० रु०;॥१५॥ ८० मो० ३० रु०; १०० मो० ३५ रु०; २०० मो० १२ रु०; ३०० ६ रु०; ४०० ५ रु०; ५०० मोती धरण तुल्य होय तो उसकी की० ३ रु० जानना॥१६॥ १३ मोती भार जो धरण वह पिक्का संज्ञक होता है १६ मो० भा० ध० सो पिच्चा सं०; २० मो० भा० ध० अर्घा सं०; २५ मो० भा० ध० अर्धा सं० ३० मो० भा० ध० रवक सं०; ४० मो० भा० ध० सिक्थ सं०; आगे ५५ मो० भा० ध० निगर सं०; ८० से ५०० तक सर्व धरण को चूर्ण संज्ञा जानना (यह संज्ञा मोतीके उत्पत्तिस्थान में व्यवहार में उपयोग होता है इसवास्ते कथन किया)॥१७॥ यह कीमत गुणयुक्त धरण भार मोती की कथन किया उसे स्वबुद्धी से कीमत कल्पना करना॥१४॥१५ इ० मोतीकी व्यस्त त्रैराशिक से कीमत करना गुणहीन मोती होय तो वस्यमाण क्रमसे कीमत कमती करना॥१८॥ ईषत् कृष्णवर्ण ईषत श्वेतवर्ण ईषत् पीत ईषत् ताम्र ईषत् विषम ऐसे मोती होय तो पूर्वोक्त कीमत त्र्यंशोन कहि पूर्तनी यांश कमती करना अति विषम रहते षड्भाग और अति पीत रहे तो अर्ध पूर्वोक्त कीमत कमती करना॥१९॥ ऐरावत कुलमे उत्पन्न पुष्य नक्षत्र [illegible]

तेषां किल जाः यंते मुक्ताः कुंभेषु सरदकोशेषु ॥ बहवो वृहत्प्रमाणा बहुसंस्थानाः प्रभायुक्ताः ॥ २१ ॥ नैषामर्घः कार्यो न च वेधोनीव ते प्रभायुक्ताः ॥ सुत विजयारोग्य करा महापवित्रा धृता राज्ञां ॥ २२ ॥ दंष्ट्रामूले शशिकांतिसप्रभं बहुगुणं च वाराहं ॥ तिमिजं मत्स्याक्षिनिभं वृहत्पवित्रं बहुगुणं च ॥ २३ ॥ वर्षोपलवज्जातं वायुस्कंधाच्च सप्तमाद्भ्रष्टं ॥ ह्रियते किल खाद्दिव्यैस्तडित्प्रभं मेघसंभूतं ॥ २४ ॥ तक्षकवासुकि कुलजाः कामगमा ये च पन्नगास्तेषां ॥ स्निग्धा नीलद्युतयो भवंति मुक्ताः फणस्यांते ॥ २५ ॥ शस्तेवनिप्रदेशे रजतमये भाजने स्थिते च यदि ॥ वर्षति देवोकस्मात्तज्ज्ञेयं नागसंभूतं ॥ २६ ॥ अपहरति विषमलक्ष्मीं क्षपयति शत्रून्यशो विकाशयति ॥ भौजंगं नृपतीनां धृतमकृतार्घं विजयदं च ॥ २७ ॥ कर्पूरस्फटिकनिभं चिपिटं विषमं च वेणुजं ज्ञेयं ॥ शांखोद्भवं शशिनिभं वृत्तं भ्राजिष्णु रुचिरं च ॥ २८ ॥ ॥ शंखतिमिवेणुवारणवराहभुजगाभ्रजान्यवेध्यानि ॥ अमितगुणत्वाच्चैषामर्घः शास्त्रे न निर्दिष्टः ॥ २९ ॥

---

वण नक्षत्र चंद्रवार रविवार इनके विषे भए उत्तरायणमे भए सूर्यचंद्रके ग्रहणमे भए ऐसे जो हाथी वह भद्र संज्ञक होते है ॥ २० ॥ वह भद्र संज्ञकके गंडस्थलमे और दंतकोशमे बहुत बडे अनेक आकृतीके प्रभायुक्त ऐसे मोती होते हैं ॥ २१ ॥ उनकी कीमत करना नही और वेध भी करना नही कारण वह तेजस्वी और महापवित्र हैं वह राजाने धारण करनेसे पुत्र विजय आरोग्यकारक होते हैं ॥ २२ ॥ सूकरके दाढके मूलमे चंद्र समान तेजस्वी अनेक गुण ऐसे वराहसंभव मोती होते हैं मत्स्यके नेत्रसमान बडा पवित्र बहुगुण ऐसे मत्स्योत्पन्न मोती होते हैं ॥ २३ ॥ वर्षोपल (बनोर) के समान भए सप्तम वायुस्कंधसे गिरे भए देवताने आकाशमे किये विजुलीके समान तेजस्वी ऐसे मेघोत्पन्न मोती होते हैं ॥ २४ ॥ तक्षक और वासुकी इनके वंशमे भए यथेच्छ गमन करनेवाले ऐसे जो सर्प उनके फणाके अंतमे स्वच्छ नीलवर्ण ऐसे मोती होते है ॥ २५ ॥ वह सर्पज मोती शुद्ध भूमीपर चांदीके पात्रमे रक्खे तो इंद्र वृष्टि करता है वह मोती नागज जानना ॥ २६ ॥ वह नागज मोती राजाने कीमत किये विना धारण करे तो अलक्ष्मी का हरण शत्रुनाश यशवृद्धि विजय यह होते हैं ॥ २७ ॥ कपूर और स्फटिकमणीके समान चिपटा असम ऐसे वंशज (बांसके) मोती जानना चंद्रकांती समान गोल तेजस्वी सुंदर ऐसे शंखोत्पन्न मोती जानना ॥ २८ ॥ शंख मत्स्य बांस हाथी सूकर सर्प मेघ इनसे भए जो मोती उनको वेध करना नही बहुत गुणवान इ

एतानि सर्वाणि महागुणानि सुतार्थसौभाग्ययशस्कराणि ॥ रुक्शोकहंतृणि च पार्थिवानां मुक्ताफलानीप्सितकामदानि ॥ ३० ॥ सुरभूषणं लतानां सहस्रमष्टोत्तरं चतुर्हस्तं ॥ इंद्रच्छंदो नाम्ना विजयच्छंदस्तदर्धेन ॥ ३१ ॥ शतमष्टयुतं हारो देवच्छंदो ह्यशीतिरेकयुता ॥ अष्टाष्टकोऽर्धहारो रश्मिकलापश्च नवषट्कः ॥ ३२ ॥ द्वात्रिंशता तु गुच्छो विंशत्या कीर्तितोऽर्धगुच्छाख्यः ॥ षोडशभिर्माणवको द्वादशभिश्चार्धमाणवकः ॥ ३३ ॥ मंदरसंज्ञोऽष्टाभिः पंचलता हारफलकमित्युक्तं ॥ सप्तविंशति मुक्ता हस्तो नक्षत्रमालेति ॥ ३४ ॥ अंतरमणि संयुक्ता मणिसोपानं सुवर्णगुलिकैर्वा ॥ तरलकमणिमध्यं तद्विज्ञेयं चाटुकारमिति ॥ ३५ ॥ एकावली नाम यथेष्टसंख्या हस्तप्रमाणा मणिविप्रयुक्ता ॥ संयोजिता या मणिना तु मध्ये यष्टीति सा भूषणविद्भिरुक्ता ॥ ३६ ॥ ॥ इति मुक्ताफलपरीक्षा ॥ ॥ अथ पद्मरागपरीक्षा ॥ ॥ सौगंधिककुरुविंदस्फटिकेभ्यः पद्मरागसंभूतिः ॥ सौगंधिकजा भ्रमरांजनाब्जजंबूरसद्युतयः ॥ १ ॥ कुरुविंदभवाः शबला मंदद्युतयश्च धातुभिर्विद्धाः ॥ स्फटिकभवा द्युतिमंतो नानावर्णा विशुद्धाश्च ॥ २

॥ २९ ॥

सवास्ते शास्त्रमे इनकी कीमत कहा नही· यह सर्व प्रकार के मोती महागुणवान् पुत्र द्रव्य· सौभाग्य· यश· इनको करनेवाले· रोग और शोक इनका नाश· इच्छितमनोरथ पूर्ण करनेवाले ऐसे राजा को होते हैं ॥ ३० ॥ १००८ लडका ४ हात लंबा ऐसा मोतीका हार देवता को करते हैं उस्का नाम इंद्रछंद है· उस्के आधे लडका करते हैं उस्का नाम विजयच्छंद है· ॥ ३१ ॥ १०८ लडका २ हाथ लंबा और ८१ लडका दो हाथ जो हार उस्का नाम देवच्छंद· ६४ लडका हार अर्धहार संज्ञक· ५४ लडका हार रश्मिकलाप संज्ञक ॥ ३२ ॥ ३२ लडका हार गुच्छसंज्ञक· २० लडका हार अर्धगुच्छसंज्ञक १६ लडका हार माणवकसंज्ञक· १२ लडका हार अर्धमाणवसंज्ञक ॥ ३३ ॥ ८ लडका हार मंदरसंज्ञक ५ लडका हार फलकसंज्ञक· २७ मोती का हस्तप्रमाण जो हार वह नक्षत्रमाला संज्ञक ॥ ३४ ॥ वही नक्षत्रमाला के बीचमे रत्न किंवा सुवर्ण के मणि डाले होय तो वह मणिसोपानसंज्ञक उस्के बीचमे तरलकमणि होय तो उसीको चाटुकार ऐसा कहते है ॥ ३५ ॥ यथेष्ट मौक्तिकसे युक्त हस्तप्रमाण· मणिरहित जो हार सो एकावली सं० जिस्के बीचमे मणि योजना किया वह यष्टि· ऐसा भूषणवेत्ता ने कथन किया ॥ ३६ ॥ इति बृहत्संहितायां मुक्ताफलपरीक्षा नामै काशीतितमोध्यायः ॥ ८१ ॥ अथ पद्मरागपरीक्षा ॥ सौगंधिक और कुरुविंद (धातुविशे०) और

स्निग्धः प्रभानुलेपी स्वच्छोर्चिष्मान्गुरुः सुसंस्थानः॥ अंतःप्रभोतिरा
गा मणिरत्नगुणाः समस्तानां॥३॥ कलुषा मंदद्युतयो लेखाकीर्णाः स
धातवः खंडाः॥ दुर्विद्धा न मनोज्ञाः सशर्कराश्चेति मणिदोषाः॥४॥
भ्रमरशिखिकंठवर्णो दीपशिखासप्रभो भुजंगानां॥ भवति मणिः कि
ल मूर्धनि यो नर्घेयः स विज्ञेयः॥५॥ यस्तं बिभर्ति मनुजाधिपतिर्न त
स्य दोषा भवंति विषरोगकृताः कदाचित्॥ राष्ट्रे च नित्यमभिवर्षति त
स्य देवः शत्रूंश्च नाशयति तस्य मणेः प्रभावात्॥६॥ षड्विंशतिः सहस्रा
ण्येकस्य मणेः पलप्रमाणस्य॥ कर्षत्रयस्य विंशतिरुपदिष्टा पद्मराग
स्य॥७॥ अर्धपलस्य द्वादश कर्षस्यैकस्य षट्सहस्राणि॥ यच्चाष्टमा
षकधृतं तस्य सहस्रत्रयं मूल्यं॥८॥ माषकचतुष्टयं दशशतत्रयं द्वौ
तु पंचशतमूल्यौ॥ परिकल्प्यमंतराले मूल्यं हीनाधिकगुणानां॥९॥

---

स्फटिक रत्नसे पद्मरागमणीकी उत्पत्ति होती है· भ्रमर· कज्जल· नीलकमल· जामु
नके रससमान रंगके जो पद्मराग वह सौगंधिकसे उत्पन्न जानना·॥१॥ शबल (श्वे
त कृष्ण मिश्र वर्ण·) अल्पकांति· मृत्तिकादिकसे विद्ध (सकलंक) ऐसे जो पद्मराग
वह कुरुविंदोत्पन्न जानना· तेजस्वी· अनेक रंगके· स्वच्छ ऐसे जो पद्मराग वह स्फ
टिकसे उत्पन्न ऐसा जानना·॥२॥ स्नेहयुक्त· प्रभायुक्त· स्वच्छ· तेजस्वी गुरु·(भारी)
सुंदर आकृति· मध्यभागमे कांतियुक्त· अतिलोहित वर्ण· यह सर्व पद्मरागमणिरत्न
के गुण होते हैं·॥३॥ कलुष (मैला) अल्पकांति· रेषासे व्याप्त· मृत्तिकादि धातुयुक्त·।
च्छिन्न· अप्रशस्त वेधसे युक्त· सुंदर नही· सूक्ष्म कणीसे युक्त· यह पद्मरागमणिके
दोष होते हैं· ॥४॥ भ्रमर और मयूरकंठ इनके वर्णका· दीपशिखा समान· ऐसा
मणि सर्पके मस्तकमे होता है· वह अमोलिक जानना·॥५॥ ऐसे मणीको जो राजा
धारण करता है उस्को विष और रोग इसे पीडा कधी होती नही· उस्के राज्यमे इन्द्र
राज वृष्टि करता है· वह मणीके सामर्थ्यसे वह राजा शत्रूका नाश भी करता है॥६॥
चार तोले वजन· एक पद्मरागमणीकी कीमत २६ हजार रुपया जानना· ३ तोले व
जन· एक पद्मरागमणीकी कीमत २० हजार रुपया जानना·॥७॥ २ तोले वजनकी·
कीमत १२ हजार रुपया· १ तोले वजनकी कीमत ६ हजार रुपया· आठ मासे वजनकी
कीमत ३ हजार रुपया·॥८॥ चार मासे वजनकी की० १३१०: रुपया· दो मासे वजनकी
कीमत· ५०० रुपया· जानना· इस्के बीचमे वजनकी कमती जास्ती गुणयुक्तकी की
मत बुद्धिसे कल्पना करना·॥९॥ रंग कमती होयतो पूर्वोक्त कीमत आधी जानना·
तेजहीन मणीकी अष्टमांश जानना· अल्पगुणयुक्त और बहुदोषयुक्त मणीकी की

कर्णीमूल्यस्यार्धं तेजोहीनस्य मूल्यमष्टांशः ॥ अल्पगुणो बहुदोषो मूल्यात्प्राप्नोति विंशांशम् ॥१०॥ आधूम्रं व्रणबहुलं स्वल्पगुणं चाप्नुयाद्द्विशतभागं ॥ इति पद्मरागमूल्यं पूर्वाचार्यैः समुद्दिष्टं ॥११॥ ॥ इति पद्मरागपरीक्षा ॥ ॥ अथ मरकतपरीक्षा ॥ ॥ शुकवंशपत्रकदलीशिरीषकुसुमप्रभं गुणोपेतं ॥ सुरपितृकार्ये मरकतमतीव शुभदं नृणां विहितं ॥१॥ इति मरकतपरीक्षा ॥ ॥ अथ दीपलक्षणं ॥ ॥ वामावर्तो मलिनकिरणः सस्फुलिंगोऽल्पमूर्तिः क्षिप्रं नाशं व्रजति विमलस्नेहवर्त्यन्वितोऽपि ॥ दीपः पापं कथयति फलं शब्दवान्वेपनश्च व्याकीर्णार्चिर्विशलभमरुद्यश्च नाशं प्रयाति ॥१॥ दीपः संहतमूर्तिरायततनुर्निर्वेपनो दीप्तिमान् निःशब्दो रुचिरः प्रदक्षिणगतिर्वैडूर्यहेमद्युतिः ॥ लक्ष्मीं क्षिप्रमभिव्यनक्ति रुचिरं यश्चोद्यतं दीप्यते शेषं लक्षणमग्निलक्षणसमं योज्यं यथायुक्तितः ॥२॥ ॥ इति दीपलक्षणम् ॥ ॥ ॥ ॥ ॥

यत पूर्वोक्तसे बीसवां हिस्सा होती है ॥१०॥ ईषत् धूम्रवर्ण · व्रणबहुल व्रण (गड्डा) पड़ा भया · अल्पगुण · ऐसे पद्मरागमणी की कीमत पूर्वोक्तसे दोसे हिस्सा होती है · इसप्रकारसे प्राचीन आचार्यने पद्मरागकी कीमत कथन किया है ॥११॥ यहां ८० गुंजाका तोला और पांच गुंजा का मासा जानना ।) ॥ इति बृहत्संहितायां पद्मरागपरीक्षा नाम द्व्यशीतितमोऽध्यायः ॥८२॥ ॥ अथ मरकतपरीक्षा ॥ सूवेके समान रंग वाले (नीलपीतवर्ण) वंशपत्र (हरनाल) और केला इसके समान · हरे रंग के · पीतवर्णी · सर्सोंके पुष्पसमान (श्वेतपीत ·) इनमेंसे कोई भी रंगके · (अ० ८२ श्लो० ३) इसके गुणसे युक्त ऐसे मरकतरत्न (पाच · पन्ना ·) मनुष्यने धारणकरनेसे देव पितर इनके कार्यमें बहुत शुभदायक होता है ॥१॥ ॥ इति बृहत्संहितायां मरकतपरीक्षा नाम त्र्यशीतितमोऽध्यायः ॥८३॥ ॥ अथ दीपलक्षणं ॥ वामावर्त फिरनेवाला · मलिनकिरण · चिनगी से युक्त · अल्पज्योती · स्वच्छतेल और बत्ती रहते भी जल्दी नाश पावता है · शब्दयुक्त · कंपयुक्त · फैला तेज · पतंग और वायु यह न रहते जो नाश पावता है · यह प्रकारका दीप अशुभफल कथन करता है ॥१॥ घनज्योति · लंबी · कंपरहित तेजस्वी · शब्दरहित · अतिप्रकाश · प्रदक्षिण ज्वाला · वैडूर्यमणी समान (नीलपीत) और सुवर्ण इनके समानकांति · बहुतकाल अति तेजस्वी प्रदीप्त होता है · ऐसा दीप जल्दी लक्ष्मी प्राप्त होगी ऐसा कहता है · यह लक्षण के सिवाय अवशिष्ट रहे लक्षण (अ० ४१ श्लोक ३१ १४) इसके अग्निलक्षण कथन किया उसके समान यथायुक्ति से यहां भी योजना करना ॥२॥ इति बृहत्संहितायां दीपलक्षणं नाम चतुरशीतितमोऽध्यायः ॥८४॥

अथ दंतकाष्ठलक्षणं॥ वल्लीलतागुल्मतरुप्रभेदैः स्युर्दंतकाष्ठान्यमितानि तेषां
फलानि वाच्यान्यतिविस्तरस्य गोमाभूदतो वच्म्यथ कामिकानि॥१॥ अज्ञातपूर्वाणि न दंतकाष्ठान्यद्यान्न पत्रैश्च समन्वितानि॥
न युग्मपर्वाणि न पाटितानि न चोर्ध्वशुष्काणि विना त्वचा वा॥२॥ वैकंकते श्रीफलकाश्मरीषु ब्राह्मी द्युतिः क्षेमतरौ सुदाराः॥ वृद्धिर्वटेऽर्के
प्रचुरं च तेजः पुत्रा मधूके ककुभे प्रियत्वं॥३॥ लक्ष्मीः शिरीषे च तथा करंजे प्लक्षेऽर्थसिद्धिः समभीप्सिता स्यात्॥ मान्यत्वमायाति जनस्य जात्यां
प्राधान्यमश्वत्थतरौ वदंति॥४॥ आरोग्यमायुर्बदरीबृहत्योरैश्वर्यवृद्धिः खदिरे सविल्वे॥ द्रव्याणि चेष्टान्यतिमुक्तके स्युः प्राप्नोति
तान्येव पुनः कदंबे॥५॥ निंबेऽर्थाप्तिः करवीरेऽन्नलब्धिर्भांडीरे स्यादन्नमेव प्रभूतं॥ शम्यां शत्रूनपहंत्यर्जुने च श्यामायां च द्विषतामेव नाशः
॥६॥ शाले सकर्णे च वदंति गौरवं सभद्रदारावपि चाटरूषके॥
वाल्लभ्यमायाति जनस्य सर्वतः प्रियंगवपामार्गसजंबुदाडिमैः॥७॥

---

वल्ली-लता-गुल्म (कंटकादिवृक्षका झुंपड) वृक्ष यह भेदसे दंतकाष्ठ हजारो है. अति प्रसंग न होय इसवास्ते इष्टफलदेनेवालेही कहते है॥१॥ पूर्वमे उत्पत्ति न जाने ऐसे दंतकाष्ठ चबावना नही. पर्णसे युक्त. समपर्व (पोर) फटे भए. ऊपर सुष्क. छाल विना ऐसे दंतकाष्ठ लेना नही॥२॥ वैकंकत. आंवरा. काश्मरी (सेवन वृ॰) यह वृक्षका दंतकाष्ठ करे तो ब्रह्मवर्चस होता है. क्षेमतरुके (वृक्षवि॰) करे तो उत्तम स्त्री प्राप्ति होती है. बडका करे तो अर्थवृद्धि होती है. ककेवृक्षका करे तो तेज होता है. मौहाका करे तो पुत्र प्राप्ति होती है. ककुभवृक्ष (अर्जुन) करे तो लोकप्रिय होता है॥३॥ सिरस वृक्षवि॰ और करंजका दंतकाष्ठ करे तो लक्ष्मी प्राप्ति. प्लक्ष (पाकर) करे तो इच्छित द्रव्य प्राप्ति. जाईका करे तो मान्यत्व प्राप्ति. पीपलके काष्ठसे दंतकाष्ठ करे तो श्रेष्ठत्व होता है॥४॥ बेर और भटकटैया. इनके दंतकाष्ठ करे तो आरोग्य और आयुष्यवृद्धि होती है. खैर और बेल इनके दंतकाष्ठ करे तो ऐश्वर्यवृद्धि होती है. अतिमुक्तक (बेल) और कदंबके दंतकाष्ठ करे तो इष्टद्रव्य प्राप्ति होती है॥५॥ नींबका दंतकाष्ठ करे तो द्रव्य प्राप्ति कनेरका करे तो अन्न प्राप्ति. भांडीरवृक्ष (वृक्षवि॰) का करे तो बहुत अन्न प्राप्ति. शमीका वृक्ष और अर्जुनवृक्षके करे तो शत्रुनाश होता है. मेउडी का दंतकाष्ठ करे तो शत्रुनाश होता है॥६॥ शाकर. साग. देवदार. अडूसा. इनके दंतकाष्ठ करे तो सन्मान प्राप्ति होती है. कंगु. चिचिडा. जामुन. अनार यह वृक्षके करे तो सर्वलोकको प्रिय होता है॥७॥ दंतकाष्ठ भक्षण कर्त्ता कहिये दंतमज्जन करनेवाला. इसने उत्तराभिमुख किंवा

उदङ्मुखः प्राङ्मुख एव वाब्दं कामं यथेष्टं हृदये निवेश्य ॥ अद्याद्विमृद्य च सुखोपविष्टः प्रक्षाल्य जह्याच्च शुचिप्रदेशे ॥८॥ अभिमुखपतितं प्रशांतदिक्स्थं शुभमतिशोभनमूर्ध्वसंस्थितं यत् ॥ अशुभकरमतोऽन्यथा प्रदिष्टं स्थितपतितं च करोति मृष्टमन्नं ॥९॥ ॥इति दंतकाष्ठलक्षणं॥ ॥अथ सर्वशाकुनं॥ ॥ यच्छुक्रशक्रवागीश कपिष्ठलगरुत्मतां ॥ मतेभ्यः प्राह ऋषभो भागुरेर्देवलस्य च ॥१॥ भारद्वाजमतं दृष्ट्वा यच्च श्रीद्रव्यवर्धनः ॥ आवंतिकः प्राह नृपो महाराजाधिराजकः ॥२॥ सप्तर्षीणां मतं यच्च संस्कृतं प्राकृतं च यत् ॥ यानि चोक्तानि गर्गाद्यैर्यात्राकारैश्च भूरिभिः ॥३॥ तानि दृष्ट्वा चकारेमं सर्वशाकुनसंग्रहं ॥ वराहमिहिरः प्रीत्या शिष्याणां ज्ञानमुत्तमं ॥४॥ अन्यजन्मांतरकृतं कर्म पुंसां शुभाशुभं ॥ यत्तस्य शकुनः पाकं निवेदयति गच्छतां ॥५॥ ग्राम्यारण्यांबुभूव्योमद्युनिशोभयचारिणः ॥ रुतयातेक्षितोक्तेषु ग्राह्याः स्त्रीपुंनपुंसकाः ॥६॥

---

पूर्वमुख बैठके वा उत्तरमुख बैठके यथेष्ट इच्छा हृदयमें करके सुखोपविष्ट होयके निःशंक ही ऐसे दंतकाष्ठ भक्षण करना नंतर वह दंतकाष्ठ धोयके शुद्धस्थानमें फेकना ॥८॥ फेंका जो दंतकाष्ठ कर्ताके सन्मुख गिरे किंवा शांत दिशामें गिरे तो शुभ होता है ऊपर रहे तो बहुत शुभ होता है इससे अन्यथा गिरे तो अशुभकारक कथन किया ठहरकर के गिरे तो स्वच्छ अन्न करता है (स्वच्छ अन्नप्राप्ति) ॥९॥ ॥इति बृहत्संहितायां दंतकाष्ठलक्षणं नाम पंचाशीतितमोऽध्यायः ॥८५॥ ॥अथ सर्वशाकुनं॥ ॥जो शाकुन शुक्र इंद्र बृहस्पति कपिष्ठल ऋषि गरुड यह शास्त्रकर्ता इनके और भागुरी और देवल इनके मत देखके ऋषभाचार्य कहते भए ॥१॥ तैसेही भारद्वाज ऋषीके मत देखके महाराजाधिराज श्रीद्रव्यवर्धन नामक उज्जैनका राजा जो शाकुन कहते भए ॥२॥ जो शास्त्र मरीच्यादि सप्तर्षीको मान्य और जो संस्कृत वा प्राकृत शाकुन और शाकुन गर्ग वसिष्ठ पराशर कश्यप ऋषिपुत्र इत्यादि बहुत यात्राकार (यात्राकरनेवाले) ऋषीने कथन किया सो देखके वराहमिहिराचार्य शिष्यके प्रीत्यर्थ उत्तम ज्ञान रूप ऐसा यह सर्वशाकुनसंग्रहको संक्षेपसे करते भए ॥३॥४॥ अन्यजन्ममें किये जो शुभाशुभ कर्म उसके पाकको (भोगको) गमन करनेवाले पुरुषको शकुन कहते हैं ॥५॥ ग्रामचर अरण्य अंबुचर भूमिचर आकाशचर दिनचर रात्रिचर दिनरात्रिचर ऐसे शकुन हैं (इनके लक्षण आगे हैं) उनका शब्द गमन अवलोकन इनपर से कथन किया जो पुं स्त्री नपुंसक वह लेना (शब्दादिकारसे शकुन स्त्री

पृथक् पृथक् त्वत एव स्थानादेषां व्यक्तिर्नरुस्यते ॥ सामान्यलक्षणोद्देशं श्लोकावृषिकृतावि मौ ॥७॥ पीनोन्नतविकृष्टांसाः पृथुग्रीवाः सुवक्षसः ॥ स्वल्पगंभीरविरुताः पुमांसः स्थिरविक्रमाः ॥८॥ तनूरस्कशिरोग्रीवाः सूक्ष्मास्यपदविक्रमाः ॥ प्रशस्तमृदुभाषिण्यः स्त्रियोऽतोऽन्यन्नपुंसकं ॥९॥ ग्रामारण्याप्रचाराद्यल्लोकादेवोपलक्षयेत् ॥ संक्षिप्सुरहं वच्मि यात्रामात्रप्रयोजनं ॥१०॥ पथ्यात्मानं नृपं सैन्ये पुरे चोद्दिश्य देवतां ॥ सार्थे प्रधानं साम्ये स्याज्जातिविद्यावयोधिकं ॥११॥ मुक्तप्राप्तैष्यदर्कासु फलं दिक्षु तथाविधं ॥ अंगारिदीप्तधूमिन्यस्ताश्च शान्तास्ततोऽपराः ॥१२॥

---

पुरुष नपुंसक यह जानना कहिये स्त्रीका शब्द होयतो स्त्रीशकुन इ० ॥६॥ यह शकुनका पृथक् पृथक् जातिदेश नसमझनेसे पुस्त्रीनपुंसक यह स्पष्ट चिन्ह जानने नहीं इसवास्ते सामान्यलक्षण समझनेके विषे वृद्धगर्गऋषीने कथन किये वक्ष्यमाण दो श्लोक देखना ॥७॥ पुष्ट ऊंचे विस्तीर्ण ऐसे स्कंध विस्तीर्ण ग्रीवा सुंदरवक्षस्थल स्वल्प और गंभीर शब्द स्थिर पराक्रम यह पुरुषके लक्षण होतेहैं ॥८॥ छाती मस्तक ग्रीवा यह सूक्ष्म मुख चरण पराक्रम यह सूक्ष्म प्रशस्त मृदुभाषण यह स्त्रीके लक्षण होतेहैं इसे अन्य नपुंसक जानना ॥९॥ यह शकुनके ग्रामचर अरण्यचर इत्यादि लोकप्रचारसे और अन्यशास्त्रसे ही जानना ग्रंथका संक्षेप करनेके वास्ते इच्छा करनेवाले जो हम सो यात्रामे जितना उपयोग तितनाही कहतेहैं ॥१०॥ मार्गमे स्वशरीरको उद्देश करके सेनामे राजाको उ० पुर शब्द उपलक्षणार्थ कहिये गांवमे ग्रामाधिपतीको उ० जनसमूहमे मुख्यको उ० बहवहुतहोयतो जाति विद्या वयस्से अधिक जो होय उस्को उद्देशकरके शकुनका शुभाशुभफल होताहै ॥११॥ मुक्त प्राप्त एष्य है सूर्य जिस्के विषे ऐसे दिशाके विषे भए जो शकुन उनके अशुभफल गत वर्तमान भविष्य ऐसे जानना मुक्त प्राप्त एष्य दिशा अंगारी दीप्त धूमिनी ऐसी होतीहै इसे इतर पांच दिशा शांत होतीहै वह ऐसे सूर्योदयसे प्रहरतक ईशानी मुक्तसूर्या पूर्वप्राप्तसूर्या अग्नेयी एष्यसूर्या दुसरे प्रहरमे पूर्व मुक्तसूर्या आग्नेयी प्राप्तसूर्या दक्षिणा एष्यसूर्या तृतीयप्रहरमे आग्नेयी मुक्तसूर्या दक्षिण प्राप्तसूर्या निर्ऋति एष्यसूर्या चतुर्थप्रहरमे द० मु० नि० प्रा० प० ए० रात्रीके प्रथमप्रहरमे निर्ऋति मु० प० प्रा० वा० ए० द्वि० प्र० पश्चिम मु० वायव्य प्रा० उ० ए० तृती० वा० मु० उ० प्रा० ई० ए० चतुर्थप्रहरमे उत्तर मुक्तसूर्या ईशा० प्रा० पूर्व एष्यसूर्या ऐसी होतीहै इसरीतिसे अशुभ फल सूर्य मुक्त दिशामे शकुनके भूत फल सूर्य प्राप्त

तत्संचभदिशांतुल्यंशुभंत्रैकाल्यमादिशेत्॥ परिशेषयोर्दिशो र्वाच्यंयथासन्नंशुभाशुभं॥१३॥ शीघ्रमासन्ननिम्नस्थैश्चिरादुन्नतदूरगैः॥ स्थानवृद्ध्युपघाताच्चतद्वद्ब्रूयात्फलंपुनः॥१४॥ क्षणतिथ्युडुवातार्कैर्देवदीप्तोयथोत्तरं॥ क्रियादीप्तोगतिस्थानभावस्वरविचेष्टितैः॥१५॥ दशधैवंप्रशांतोपिसौम्यस्तृणफलाशनः॥ मांसामेध्याशनोरौद्रोविमिश्रोन्नाशनःस्मृतः॥१६॥ हर्म्यप्रासादमंगल्यमनोज्ञस्थानसंस्थिताः॥ श्रेष्ठामधुरसक्षीरफलपुष्पद्रुमेषुच॥ १७॥

दिशामे वर्त्तमानफल· सूर्य एष्य दिशामे भविष्यफलजानना· सूर्य मुक्तदिशा अंगारिणी· प्राप्त सूर्यदिशादीप्ता· एष्य सूर्यदिशाधूमिनी इसप्रकारसे ३ और बाकी ५ दिशा शांत होती है ॥१२॥ वह अंगारि· दीप्त· धूमिनी· यह ३ दिशासे उस्केउस्के पांचवे दिशाके भूत· भविष्य· वर्तमान कालमे वहवह दिशामे शुभाशुभफल कहना· रहीजो दो दिशाउस्के समीपदिशा समान शुभाशुभफल कहना ॥१३॥ समीप और नीचे भागमे भए शाकुनके शुभाशुभफल शीघ्रहोते हैं· ऊंचेस्थानमे और दूरभए उनके फलबहुतकालमे होतेहैं और जिसस्थानमे प्रतिदिनमे वृद्धिहोतीहोय उहां भए शुभशाकुनवृद्धीकरतेहैं और जहां नाशहोताहोय उहाका अशुभशकुननाश करतेहैं· नाशस्थानमे भएजो शुभशकुनसो अल्पशुभकरतेहैं ऐसा कहना ॥१४॥ आर्द्रादिमुहूर्त्त· तिथि· नक्षत्र· वायु· सूर्य· यह पांचपर भए शकुन देवदीप्त· गमन· स्थान· भाव· स्वर· विचेष्टित· इसपर भए शाकुन क्रियादीप्त यह उत्तरोत्तर बलिष्ठ होतेहै (क्षणके अपेक्षा तिथि इ०) चतुर्थी· षष्ठी· अष्टमी· नवमी· चतुर्दशी· यह तिथीदीप्त· मूल· ज्येष्ठा· आश्लेषा· आर्द्रा· विशाखा· भरणी· मघा· कृत्तिका· यह नक्षत्र दीप्त· यह पूर्वोक्त नक्षत्रके मुहूर्त (आर्द्रादि) वहक्षणदीप्त· चंड· खर· परुष· प्रतिलोमादिवातदीप्त· सूर्यके सन्मुख और दीप्त दिक्स्थ· अर्कदीप्त· अर्कवायु इनके सन्मुख जो दौडताहै वह गतिदीप्त· कुभूम्यादिस्थ जो वह स्थानदीप्त· स्वल्पसंज्ञक जो सो भावदीप्त· भयंकरस्वरादि जो सो स्वरदीप्त· छिन्नभिन्नादि चेष्टादीप्त· ऐसे दस प्रकारके शाकुन हैं ॥१५॥ यह दसप्रकारका भी शाकुन शांत होय तथा तृणभक्षक किंवा फलभक्षक होय तो शुभ जानना· मांसभक्षक और अमेध्य (विष्ठादि) भक्षक होय तो रौद्र (अतिदीप्त) जानना· अन्नभक्षक होय तो वह मिश्र (शांतदीप्त) कथन किया ॥१६॥ गृह· देवालय· मंगल (देवब्राह्मण गौ· इ० समीप) मनोज्ञ (आ [illegible]) [illegible] युक्त·) ऐसे स्थानमे और मधुर· रसिक फल और पुष्प इसे युक्त ऐसे वृक्षकनिषे भए शकुन श्रेष्ठ (शुभ) होतेहैं ॥१७॥ ॥ ॥ ॥ ॥

स्वकाले गिरिनोयस्था बलिनो युनिशाचराः॥ क्लीबस्त्रीपुरुषाश्चैषां बलिनः स्युर्यथोत्तरं॥१८॥ जवजातिबलस्थानहर्षसत्वस्वरान्विताः॥स्वभूमावनुलोमाश्च नदूनाः स्युर्विवर्जिताः॥१९॥ कुक्कुटेभपिरिल्यश्च शिखिवंजुलछिक्कराः॥बलिनः सिंहनादश्च कूटपूरीच पूर्वतः॥२०॥ क्रोष्टुकोलूकहारीतकाककोकर्क्षपिंगलाः॥ कपोतरुदिताक्रंदक्रूरशब्दाश्च याम्यतः॥२१॥ गोशशक्रौंचलोमाशहंसोत्क्रोशकपिंजलाः॥ विडालोत्सववादित्रगीतहासाश्च वारुणाः॥२२॥ शतपत्रकुरंगाखुमृगैकशफकोकिलाः॥चाषशल्यकपुण्याहघंटाशंखरवाबुदक्॥२३॥ नग्राम्योरण्यगोग्राह्योनारण्योग्रामसंस्थितः॥दिवाचरो नशर्वर्यां नचनक्तंचरोदिवा॥२४॥ द्वंद्वरोगार्दितत्रस्ताः कलहामिषकांक्षिणः॥ आपगांतरिनामत्तान ग्राह्याःशकुनाःक्कचित्॥२५

---


गिरि (पर्वत ऊंचा प्रदेश) इसपर रहनेवाले दिनमे फिरनेवाले दिवा बलवान् और जलमे रहनेवाले रात्रीमे फिरनेवाले रात्रीमे बलवान् शकुन होतेहैं नपुंसक स्त्री पुरुष ऐसे शकुन इनमे उत्तरोत्तर बलिष्ठ होतेहैं कहिये नपुंसकके अपेक्षा स्त्री बलवान् स्त्री अपेक्षा पुरुष बलवान्॥१८॥ वेगयुक्त गति जाति बल स्थान हर्ष धैर्य स्वर इनसे युक्त और स्वभूमीके विषे अनुकूल रहे ऐसे शकुन बलिष्ठ होतेहैं कहिये दो शकुन भएहो पतो जो वेगयुक्त गति इत्यादिकरके अधिक वह बलवान् अन्य निर्बल ऐसा जानना वेगादिकरके जो कमती वह निर्बल शकुन जानना॥१९॥ कुक्कुट हाथी पिरिल्य (पक्षिवि०) मयूर वंजुल (पक्षिवि०) छिक्कर (मृगजाति) सिंहनाद (पक्षिवि०) कूटपूरी (बकपक्षीकी स्त्री) यह शकुन पूर्वदिशामे बलि होतेहैं॥२०॥ सियार उलूक हरा कबूतर कौआ चक्रवाक भालू पिंगलपक्षी गोला कबूतर रोदन चिल्लाना क्रूरशब्द यह दक्षिण दिशामे बलि होतेहैं॥२१॥ गौ खरगोस क्रौंचपक्षी मेढा हंस कुररपक्षी कबूतर बिलार विवाहादि उत्सव वाद्य गायन हास्य यह पश्चिममे बली होतेहैं॥२२॥ कठफोड पक्षी हरिण चूहा मृग एकशफ (अश्वादि) कोकिल नीलकंठ पक्षी शल्यक (साई) आशिर्वाद सूचक शब्द घंटा शंख इनके शब्द यह उत्तरमे बली होतेहैं॥२३॥ ग्राममे के शकुन अरण्यमे होयतो उसका शुभाशुभ फल लेना नहीं तैसे ही अरण्यमे के शकुन ग्राममे लेना नहीं दिवाचरका रात्रीमे रात्रिचरका दिनमे ऐसा शुभफल लेना नहीं॥२४॥ सारस पक्षीके मिथुन बिना द्वंद्व रोगपीडित भीत कलह और मांस इनको इच्छा करनेवाले नदीसे अंतरित (उल्लंघित) मत्त ऐसे शकुन शुभाशुभ फलके बिषे कभी ही लेना नहीं॥२५॥ छ॥

रोहिताश्वाजवालेयकुरंगोष्ट्रमृगाः शशाः॥ निष्फलाः शिशिरे ज्ञेया वसंते काककोकिलौ॥२६॥ न तु भाद्रपदे ग्राह्याः सूकरश्ववृकादयः॥ शरद्यब्जादगोक्रौंचाः श्रावणे हस्तिचातकौ॥२७॥ व्याघ्रर्क्षवानरद्वीपिमहिषाः सबिलेशयाः॥ हेमंते निष्फला ज्ञेया बालाः सर्वे विमानुषाः॥२८॥ ऐंद्रानलदिशोर्मध्ये त्रिभागेषु व्यवस्थिताः॥ कोशाध्यक्षानलाजीवितपोयुक्ताः प्रदक्षिणं॥२९॥ शिल्पीभिक्षुर्विवस्त्रास्त्री याम्यानलदिगंतरे॥ परतश्चापि मातंगगोपधर्मसमाश्रयाः॥३०॥ नैर्ऋतीवारुणीमध्ये प्रमदासूतितस्कराः॥ शौंडिकः शाकुनी हिंस्रो वायव्यपश्चिमांतरे॥३१॥ विषघातकगोस्वामिकुहकज्ञास्ततः परं॥ धनवानीक्षणीकश्च मालाकारस्ततः परं॥३२॥ वैष्णवश्चरकश्चैव वाजिनां रक्षणे रतः॥ एवं द्वात्रिंशतो भेदाः पूर्वदिग्भिः सहोदिताः॥३३॥

---

रोहित (चमरमृग) अश्व· मेढा· खर· कुरंग (मृगवि०) ऊंट· हरिण· खरगोस· यह सर्व शिशिरऋतूमे निष्फल जानना· काक और कोकिल यह वसंतऋतूमे निष्फल जानना ॥२६॥ सूकर· कुत्ता· हुंडार· इ० भाद्रपदमासमे नही लेना· कमलभक्षक (हंस) गौ· क्रौंचपक्षी· यह शरदऋतूमे नही लेना· हाथी और चातक यह श्रावणमे नही लेना· (यह इसमहिनेमे मदयुक्त रहते हैं इस वास्ते शुभाशुभ शकुनके विषे लेना नही·) ॥२७॥ व्याघ्र· रीस· वानर· चित्ता· महिष· बिलेशय· (साई· नेउर इ०) मनुष्यरहित सर्व बालक यह हेमंतऋतूमे निष्फल जानना· ॥२८॥ पूर्व और आग्नेयी इनके बीचमे जो तीन भाग तहां प्रथम भागमे कोशाध्यक्ष· (खजानेवाला·) २ भागमे सुवर्णकारादि अग्निजीवी· ३ भागमे तपस्वी यह प्रदक्षिण रहते हैं ॥२९ दक्षिण और आग्नेयी इनके मध्यभागमे प्रथम शिल्पी· २ संन्यासी· ३ वस्त्ररहित स्त्री· यह रहते हैं· निर्ऋति और दक्षिण इनके मध्यभागमे प्रथम हाथीका आश्रय करनेवाला· २ गोपका आ० ३ धर्मका आश्रय करनेवाले· यह रहते हैं ॥३०॥ नैर्ऋती और पश्चिम इनके बीचमे प्रथम प्रमदा· २ सूतिका· ३ चोर यह रहते हैं· वायव्य और पश्चिम इनके बीचमे प्रथम मद्यपानरत· २ धीवर· ३ क्रूर· यह रहते हैं ॥३१॥ वायव्य और उत्तर इस्मे प्रथम विषघातक· २ वृषभ· ३ गौड बंगाला· जाननेवाला· यह रहते हैं· उत्तर और ईशानी इस्मे प्रथम द्रव्यवान्· २ ज्योतिषी· ३ माली यह रहते हैं· ॥३२॥ ईशानी और पूर्व इस्मे प्रथम भागमे विष्णुभक्त· २ भागमे चरक (गुप्तखबर देनेवाले·) ३ भागमे अश्वरक्षक· यह रहते हैं· यह प्रकारसे यह भेद २४ और पूर्वादि दिशा ८ इनसे युक्त करे तो ३२ भेद प्रदक्षिण कथन किया ॥३३॥

शकुनचक्र आर ३८ श्लो०२९।३०।३१।३२।३३।३४




राजाकुमारो नेता च दूतः श्रेष्ठी चरो द्विजः॥ गजाध्यक्षश्च
पूर्वाद्याः क्षत्रियाद्याश्चतुर्दिशं॥३४॥ गच्छतस्तिष्ठतो वापि
दिशि यस्यां व्यवस्थितः॥ विरौति शाकुनो वाच्यस्तद्दिग्जेन
समागमः॥३५॥ भिन्नभैरवदीनार्तपरुषक्षामजर्जराः॥
स्वरा नेष्टाः शुभाः शान्ता हृष्टप्रकृतिपूरिताः॥३६॥ ७॥

---

पूर्वदिशामे राजा·आग्नेयीमे कुमार·दक्षिणमे सेनापति·नैर्ऋतीमे दूत·पश्चिममे श्रेष्ठी(अत्युत्तमकुलपरंपरागत·शिल्पज्ञ) वायव्यमे हलकारा·उत्तरमे ब्राह्मण·ईशानमे गजाध्यक्ष·ऐसे रहते है·तैसेही पूर्वमे क्षत्रिय·दक्षिणमे वैश्य·पश्चिममे शूद्र·उत्तरमे ब्राह्मण रहते है·॥३४॥ पुरुष गमन करते किंवा स्थिर रहते·जिस पूर्वादि दिशामे रहा जो शकुन(प्राणी किंवा पक्षी) शब्द करे वह दिशाके आश्रय करनेवाले के बराबर समागम वह शकुनको उत्पन्न होगा·कहिये पूर्व और आग्नेयी इसके मध्यमें भागस्थ शकुन होय तो कोशाध्यक्षके बराबर भेट होगी·द्वि भा० शकुन होय तो सुवर्णकारादिकके बराबर·तृ० शकुन होय तो तपस्वीके बराबर इत्यादि जानना॥३५॥ फूटे(विषम) क्रूर·दीन·पीडित·कठोर·म्लान·फूटे स्वर अशुभ जानने ऐसे शब्द शुभ नहीं·शांत दिक्स्थित और मनको सुख·और हर्षयुक्त प्रकृतिसे किये शब्द सब शुभ होते है·॥३६॥

शिवाश्यामारलाछुछुन्दुः पिंगलागृहगोधिकासूकरीपरपुष्टाचपुन्ना
मानश्चवामतः॥३७॥स्त्रीसंज्ञाभासभषकपिश्रीकर्णछिक्कराः॥शि
खिश्रीकंठपिप्पीकरुरुश्येनाश्चदक्षिणाः॥३८॥क्ष्वेडास्फोटितपुण्या
हगीतशंखांबुनिःस्वनाः॥सतूर्याध्ययनाःपुंवत्स्त्रीवदन्यागिरःशु
भाः॥३९॥ग्रामौमध्यमषड्जौतुगांधारश्चेतिशोभनाः॥षड्जमध्य
मगांधाराऋषभश्चस्वराहिताः॥४०॥रुतकीर्तनदृष्टेषुभारद्वाजाज
बर्हिणः॥धन्यानकुलचाषौचसरटःपापदोऽग्रतः॥४१॥जाहकाहिश
शक्रोडगोधानांकीर्त्तनंशुभं॥रुतंसंदर्शनंनेष्टंप्रतीपंवानरर्क्षयोः॥
४२॥ओजाःप्रदक्षिणंशस्ताःमृगाःसनकुलाण्डजाः॥चाषःसनकुलो
वामोभृगुराहापराण्हतः॥४३॥छिकरःकूटपूरीचपिरिलीचान्हिदक्षि
णाः॥अपसव्याःसदाशस्तादंष्ट्रिणःसबिलेशयाः॥४४॥श्वेतेहपक्षिते
प्राच्यांशवमांसेचदक्षिणे॥कन्यकादधिनीपश्चादुदग्गोविप्रसाधवः॥४५

---

सियार· श्यामा(कालेरंगकीगौरय्या) रला (पक्षिवि०) छुछुंदर· पिंगला(उलूकस्त्री)
बिस्तुया· सूकरी· कोइल· पुरुषनामक पक्षी· यह सर्व गमनकर्त्ताके वाम भागमें शुभ
होतेहैं ॥३७॥ स्त्रीसंज्ञकपक्षी· गृध्रपक्षी· कुत्ता· वानर· श्रीपर्ण(पक्षिवि०) छिक्कर·
(मृगवि०) मयूर· श्रीकंठ(पक्षिवि०) पिप्पीक(पक्षिवि०) रुरु(मृगवि०) श्येनपक्षि· यह
दक्षिणभागमें गमनकर्त्ताको शुभहोतेहैं ॥३८॥ क्ष्वेडा(मुखशब्द· सिंहनाद) आस्फो
टित(वक्षस्थल वा बाहु इनका ताडन) आशीर्वादसूचकशब्द· प्रशस्त गायन· शं
ख· जल इनके शब्द वाद्यशब्द· और अध्ययनशब्द यह सर्व पुंवत् कहिये गमन
कर्त्ताके वामभागमेंशुभहोतेहैं· अन्य सर्व शब्द स्त्रीवत् कहिये दक्षिण भागमें शुभ
होतेहैं ॥३९॥ मध्यम षड्ज· गंधार· यह ग्राम शुभहोतेहैं· षड्ज· मध्यम· गंधार·
ऋषभ यह स्वर गमनकर्त्ताको शुभहोतेहैं ॥४०॥ भारद्वाजपक्षी· बकरा· मयूर· नेउर·
चाष· इनकेशब्द· इनकेनाम संकीर्तन· यह देखेतोभी गमनकर्त्ताको शुभहोताहै· गिरगिटा
